Sixteenth Loksabha

p>

Title: Regarding Railway projects in Bihar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल): बिहार के सुपौल-अररिया-गलगलिया तक नई रेल लाइन की स्वीकृति मिल जाने के बाद इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय सुरक्षा परियोजना में शामिल किया गया है। लगभग 95 किमी की लम्बी रेल लाइन में नए स्टेशन बनने है। राष्ट्रीय सुरक्षा परियोजना में शामिल होने के बावजूद राशि का आवंटन 1600 करोड़ रुपये के विरुद्ध मात्र 540 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। कार्य उचित समय पर पूरा हो । इस दिशा में कार्रवाई हो ।

साथ ही सहरसा से सुपौल आमान परिवर्तन कार्य में भी काफी धीमी गति से चल रहा है। सहरसा से सुपौल तथा सुपौल से अररिया होते हुए गलगलिया तक रेल लाइन कोसी क्षेत्र के विकास के लिए लाइफ-लाइन साबित होगी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है। फारबिसगंज-सकरी रेल लाइन के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की आवश्यकता है। कोसी नदी पर पुल बनकर तैयार है। रेल परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करवाया जाए ।